Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Tahir Shri Mohammad

>

Title: Need to provide proper security to the MPs in their Constituencies.

मो. ताहिर :उपाध्यक्ष महोदय, देश में बढ़ती हुई अराजकता एवं आतंकी गतिविधियों के कारण जनप्रतिनिधि ासुरक्षित हैं जिसकी वजह से माननीय सांसदगण अपने संसदीय क्षेत्र में जनता को पर्याप्त वक्त नहीं दे पाते ह[r34]ैं।

14.00 hrs.

उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में 25, नवम्बर, 2004 को मेरे ऊपर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें हमारे दल के कार्यकर्ता यार मौहम्मद को तेजाब डालकर जला दिया गया।

दूसरी घटना में सुल्तानपुर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को एनकाउन्टर में मार गिराया, जिसने मेरी सुपारी ले रखी थी। जिसे शहर कोतवाल और अधिकारियों ने स्वीकार किया।

तीसरी घटना में तारीख 2, फरवरी, 2006 को नोएडा से जान से मारने का धमकी भरा फोन आया। जिसकी प्राथमिकी थाना चाणक्यपुरी में दर्ज है। कार्यवाही के दौरान दिल्ली पुलिस ने उक्त युवक को गिरफ्तार किया, जिस पर मुकदमा चल रहा है।

चौथी घटना में 10 नवम्बर को मेरे फादर व भाई पर जानलेवा हमला हुआ। मैंने गृह मंत्री को सैकड़ों लैटर लिखे, मुझे प्राप्ति का उत्तर दिया।

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी केन्द्रीय सरकार से क्या मांग है?

श्री मो.ताहिर : मंत्री जी ने थ्रैट स्वीकार की, किन्तु अभी तक मेरी सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं हुई। मेरे और हमारे परिवार के ऊपर जान का खतरा बना हुआ है। अतः उक्त घटनाओं की जांच करते हुए मेरे और मेरे परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि मेरे साथ इंसाफ हो।